संख्या-201 /2023/1257/001-23-10099/12/2023

प्रेषक,

लाल धीरेन्द्र राव,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास)/विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-10 लखनऊ दिनांक 09 अक्टूबर, 2023

विषयः- वित्तीय वर्ष 2023-2024 में राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत प्रयागराज क्षेत्र के 04 सेतु के चालू निर्माण कार्य हेतु धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियंता,(31वां वृत्त सेतु), लो0नि0वि0, लखनऊ के पत्र (निम्न तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित) के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्न विवरणानुसार राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत प्रयागराज क्षेत्र के 04 सेतु के चालू निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार 0 168.09 लाख की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

(धनराशि रू0 लाख में)

| सं0 | कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0 (31 वां वृत्त सेतु) लो0नि0वि0, लखनऊ के पत्र | खण्ड / जनपद का नाम | कार्य | स्वीकृति का शासनादेश संख्या | स्वीकृत लागत /प्राविधिक लागत /गठित अनुबन्ध की लागत | गठित अनुबन्ध के आधार पर बचत | बचत के उपरान्त कार्य की लागत | दिनांक 31.03.2023 तक आवंटन | वित्तीय वर्ष 2023-24 आवंटन | अवशेष | क्षेत्र से मांग | वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रस्तावित आवंटन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | अनुदान सं0-57 | अनुदान सं0-83 | योग (13 +14 ) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 6034/ सी0ई0-एस0ई0बी0/ आर0वाई0बी0/ पी0आर0जे0 / 2023-24 दिनांक 18-09-2023 | प्रा.ख. फतेहपुर | अहमदपुर कुसुम्भा से दामपुर मार्ग के नाले पर आर0सी0सी0 लघु सेतु का निर्माण। | 79/2018/45Aa,Aa,/23-10-10-41(Setu)/2018 Date 31.10.2018- दिनांक- 01-01-1970 | 378.19/ 363.21/ 266.44 | 0.16 | 363.05 | 357.67 | 0.00 | 5.38 | 5.38 | **4.24** | **1.14** | **5.38** |
| 2 | | प्रा.ख. फतेहपुर | जनपद फतेहपुर में धाता सोनारी हिनौता मार्ग के किमी0-13 में स्थित किशनपुर पम्प कैनाल पर 3x4 मी0 स्पान की लघु सेतु एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 54/2020/1787/23-10-19-54( सेतु)/2019 -- दिनांक- 15-03-2020 | 100.59/ 99.59/ 63.85 | 0.75 | 98.84 | 96.48 | 0.00 | 2.36 | 2.36 | **1.86** | **0.50** | **2.36** |

http://lokbhawan.up.gov.in/

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5574/ सी 0 ई 0- एस 0 ई 0 बी 0/ आ र 0 वाई 0 बी 0/ पी 0 आर 0 जे 0 /2023-24 दिनांक 11-08-2023 | नि.ख.- 1 प्रतापगढ़ | जनपद प्रतापगढ़ में कु.डा-बेंती-हौदेश्वरनाथ (अ 0 जि 0 मा 0) से शीतलापुर देवीगढ़ होते हुए आई0 टी 0 आई 0 कु.डा में 4x6 मी. स्पान के लघु सेतु, पहुंच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य। | 22/2023/1544/23-10-22-03(सेतु)/2022-दिनांक- 03-02-2023 | 285.31/285.31/139.09 | 0.70 | 284.61 | 0.00 | 18.93 | 265.68 | 265.68 | **112.40** | **30.26** | **142.66** |
| 4 | | प्रा.ख. प्रतापगढ़ | जनपद प्रतापगढ़ में देल्हूपुरपुरैला मार्ग पर 3x18 मी. स्पान का लघु सेतु, पहुंचमार्ग , अतिरिक्त पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य के निर्माण कार्य | 44/2021/36/23-10-21-69(सेतु)/2020-दिनांक-15-03-2021 | 293.55/293.55/211.88 | 11.67 | 281.88 | 0.00 | 264.19 | 17.69 | 17.69 | **13.94** | **3.75** | **17.69** |
| | | | योग :- | | | 13.28 | 1028.38 | 454.15 | 283.12 | 291.11 | 291.11 | 132.44 | 35.65 | 168.09 |

**(रूपये एक करोड अडसठ लाख नौ हजार मात्र)**

**नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों**

**(1)** उक्त धनराशि केवल अंकित परियोजना पर ही मानक व विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा।

**(2)** राज्य योजनान्तर्गत निर्माणधीन सेतु की गुणवत्ता एवं निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण किया जाय तथा समीक्षा रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध करायी जाय।

**(3)** उक्त सेतु के अंश, लोक निर्माण अंश में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष पृथक-पृथक वित्तीय प्रगति सहित वास्तविक भौतिक प्रगति तथा उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं उनके स्थलीय फोटोग्राफ शासन को उपलब्ध कराया जाय।

**(4)** वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17 मार्च, 2023 में दिये गये दिशा निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

**(5)** उक्त तालिका के स्तम्भ -5 में अंकित मूल स्वीकृति के शासनादेशों में उल्लिखित शर्तें व प्रतिबंध आदि यथावत लागू रहेंगी।

**(6)** लोक निर्माण विभाग में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्थानुसार बजट का ऑनलाईन आवंटन किये जाने हेतु डी.डी.ओ. कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं.-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 निर्गत किया गया है। अत: अब समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व उक्त शासनादेश दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

**(7)** यदि उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव व सूचनाओं में कोई विसंगति/त्रुटि पायी जाती है तो इसके लिए मुख्यालय /निगम/क्षेत्र के संबंधित अधिकारी पूर्णरूपेणउत्तरदायी होंगे। इसके अतिरिक्त मुख्यालय/निगम/क्षेत्र के

http://shasanadesh.up.gov.in/

संबंधित अधिकारियों द्वारा यदि किसी प्रस्ताव में कोई गलत सूचना देकर या छिपाकर अधिक धनराशि शासन से अवमुक्त करा ली जाती है अथवा व्यपगत धनराशि को चालू कार्य के रूप में स्वीकृत करा लिया जाता है, तो उनके विरूद्व कठोर कार्यवाही के साथ ही यथापेक्षित धनराशि की वसूली भी सुनिश्चित की जायेगी।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 1,32,44,000 ( रुपये एक करोड़ बत्तीस लाख चवालीस हजार मात्र ) को चालू वित्तीय वर्ष 20232024 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 057 लेखा शीर्षक 5054041010421 कृषि विपणन सुविधा हेतु ग्रामीण सेतु निर्माण कार्य (चालू योजना) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रुपये 35,65,000 ( रुपये पैंतीस लाख पैंसठ हजार मात्र ) को चालू वित्तीय वर्ष 20232024 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054047891400 कृषि विपरण सुविधाओं हेतु ग्रामीण सेतुओं का निर्माण (चालू कार्य) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक-17 मार्च, 2023 व कार्यालय ज्ञाप संख्या-10/2023/बी-1-602/दस-2023-231/2023, दिनांक-19 सितम्बर, 2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(लाल धीरेन्द्र राव)
विशेष सचिव।

संख्या-201/2023/1257/001-23-10099/12/2023, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(2) महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(3) संबंधित मण्डलायुक्त/संबंधित जिलाधिकारी ।
(4) संबंधित मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग ।
(5) मुख्य अभियंता (सेतु), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
(6) मुख्य कोषाधिकारी, आर्दश कोषागार, कलेक्ट्रेट लखनऊ।
(7) संबंधित कोषाधिकारी।
(8) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8।
(9) राज्य योजना आयोग अनुभाग-1/2 ।
(10) श्री राजेश प्रताप सिंह (उप सचिव/नोडल अधिकारी), लोक निर्माण विभाग ।
(11) गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(अभय प्रताप श्रीवास्तव)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in/